उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांकः ओ.यू./क्षे.से.प्र./ 192 /2026 दिनांक– 17–02–2026

सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययन केन्द्रों के प्रवार्य/समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा BCA एवं M.A. (Home Science) कार्यक्रमों का संचालन पुनः सत्र जनवरी–2026 से प्रारम्भ कर दिया गया है। ऐसे सभी अध्ययन केन्द्रों पर जहाँ BCA एवं M.A. (Home Science) कार्यक्रम पूर्व में संचालित थे उक्त केन्द्रों को प्रवेश पोर्टल पर BCA एवं M.A. (Home Science) प्रवेश हेतु स्वतः अनुमन्य कर दिया गया है। ऐसे अध्ययन केन्द्र जो अतिरिक्त कार्यक्रम के रूप में BLIS, BCA एवं M.A. (Home Science) कार्यक्रमों की मान्यता प्राप्त करना चाहते है वे निम्नलिखित अर्हता के अंतर्गत आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

क्रम संख्या	कार्यक्रम का नाम	शर्तें जो पूर्ण होनी चाहिए
1.	BCA	कम्प्यूटर विज्ञान में शासन या AICTE से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा न्यूनतम 5 वर्ष से कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत व उच्च स्तरीय पंजीकृत संस्था। एवं (i) न्यूनतम 15 कम्प्यूटर वाली सुसज्जित प्रयोगशाला। (ii) न्यूनतम 100 Titles की पुस्तकों वाला पुस्तकालय। (iii) ब्राड बैण्ड/इन्टरनेट सुविधा। (iv) न्यूनतम 03 अर्ह शिक्षक। 10+2 अर्हता स्तर के डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र कार्यक्रम के संचालन का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।
2.	BLIS	पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रम के संचालन का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव एवं (i) न्यूनतम 200 Titles की पुस्तकों व 10 जर्नल वाला पुस्तकालय। (ii) ब्राड बैंड/इन्टरनेट सुविधा। प्रायोगिक कार्यों के लिए डी.डी.सी. 19वाँ संस्करण, सियर्स लिस्ट ऑफ सब्जेक्ट हेडिंग्स एवं सी.सी. 6वाँ संशोधित संस्करण की न्यूनतम पाँच–पाँच प्रतियां अवश्य ही उपलब्ध होनी चाहिए।
3.	MA (Home Science)	सम्बन्धित विषय/विषयों में शासन द्वारा स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा सम्बन्धित विषय/विषयों में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूनतम 3 वर्ष तक स्नातक कार्यक्रम चलाने का अनुभव एवं प्रायोगिक विषयों हेतु स्नातकोत्तर स्तर की मानकानुसार प्रायोगशाला।

अनुदानित/राजकीय महाविद्यालयों हेतु अतिरिक्त कार्यक्रम के लिए आवेदन निःशुल्क तथा स्ववित्तपोषित अध्ययन केन्द्रों हेतु अतिरिक्त कार्यक्रमों के लिए आवेदन–शुल्क रु. 10,000/- निर्धारित है। आवेदन के साथ मूल विश्वविद्यालय से प्राप्त मान्यता प्रपत्र, अनुमोदित शिक्षक सूची एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी को भेजनी होगी।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

पृ. संख्याः ओ.यू./प.प्र./ /2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- ICT प्रभारी, को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्र लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
2. कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. वित्त अधिकारी, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner